## गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** किसी की लापरवाही की कीमत जब किसी मासूम को जान देकर चुकानी पड़े, तो दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। जुन्नारदेव के सुआम गांव में कुछ ऐसा ही दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है, जहां महीनों से खुले पड़े एक खतरनाक गड्ढे ने दो साल की मासूम बच्ची 'खुशीता' की जिंदगी छीन ली। घर के आंगन में अपनी किलकारियों से माहौल खुशनुमा करने वाली मासूम को यह जरा भी अंदाजा नहीं था कि घर से थोड़ी ही दूरी पर खुला पड़ा गड्ढा उसकी जान ले लेगा। पुलिस थाना क्षेत्र के सुआम में इस अकल्पनीय घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

**खेलते-खेलते काल का ग्रास बनी मासूम -**

रोज की तरह खुशीता अपने घर के आसपास खेल रही थी। परिजनों की नजरें कुछ ही पल के लिए ओझल हुईं कि वह खेलते-खेलते घर से दूर निकल गई। गांव में लंबे समय से बिना किसी सुरक्षा या चेतावनी के खुला छोड़ा गया एक गड्ढा



उसके लिए मौत का कुआं बन गया। जब परिजनों ने उसे गायब पाया तो खोजबीन शुरू की। कुछ ही देर में जब वह उस गड्ढे में मिली, तो घर में गूंजने वाली उसकी खिलखिलाहट हमेशा के लिए खामोश हो चुकी थी और चारों तरफ सिर्फ चीख-पुकार मच गई।

**पिता का सीना चीरता दर्द और बेबस आंसू -**

इस हादसे ने एक पिता की दुनिया ही उजाड़ दी। बदहवास पिता ने अपनी लाडली बेटी की बेजान लाश को खुद अपनी गोद में उठाया और रोते-बिलखते हुए पोस्टमार्टम हाउस तक लेकर पहुंचे। पिता के आंसुओं में एक तरफ जहां अपनी बच्ची को खोने का असहनीय दर्द था, वहीं दूसरी तरफ सिस्टम की इस नाकामी के खिलाफ गहरा आक्रोश भी था। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते इस गड्ढे को भर दिया जाता या घेर दिया जाता, तो आज एक मासूम की सांसे यूं न थम तीं।

**पुलिस ने शुरु की मामले की विवेचना-**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आया। प्रधान आरक्षक दिलीप उपाध्याय और आरक्षक महेश उईके तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर अपनी जांच शुरू कर दी है।

खुशीता की मौत सिर्फ एक परिवार का व्यक्तिगत नुकसान नहीं है, बल्कि यह खुली चेतावनी है उन तमाम लापरवाह विभागों और जिम्मेदार लोगों के लिए, जो अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं। सवाल अब यह उठता है कि क्या इस मासूम की जान जाने के बाद भी प्रशासन आंखें मूंदे रहेगा या फिर ऐसे हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएंगे?

## आवारा मवेशी के सामने आने से बेकाबू होकर ट्रक पलटा, चार लोग घायल

**छपारा, देशबन्धु ।** नगर से करीब दो किलोमीटर दूर परिषद ग्राम घोघरी के समीप एन एच-44 फोरलेन सड़क पर मंगलवार 9 सितंबर की दोपहर करीब तीन बजे अचानक सामने आए आवारा मवेशी को बचाने के प्रयास में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक सहित चार लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक जबलपुर की ओर से आ रहा था।, तभी घोघरी ग्राम के पास अचानक सड़क पर आवारा मवेशी आ जाने से चालक ने ट्रक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर पहले सड़क के डिवाइडर से टकराया और इसके बाद मौके पर पलट गया।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को छपारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,यहां सभी चार घायलों को भर्ती कर उपचार





**नगर परिषद क्षेत्र के घोघरी के पास एनएच-44 पर हुआ हादसा**

किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

**पशुओं को सड़क पर आने से रोकने की अपील** - हादसे के बाद एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों की मौजूदगी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्रीय पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य प्रमुख व्यस्त सड़कों के आसपास न जाने दें। साथ राष्ट्रीय राजमार्ग जिस पर चौबीसों घंटे तेज गति से वाहनों का आवागमन रहता है, ऐसे में सड़क पर अचानक मवेशियों के आने से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका हमेशा रहती है। इसलिए पशु पालक अपने पशुओं को सड़कों से दूर रखे।

## सार-समाचार

### नवागत एसडीएम पूजा सोनी का कर्मचारियों ने किया स्वागत



**गोटेगांव, देशबन्धु।** नवागत एसडीएम पूजा सोनी ने विगत मंगलवार को गोटेगांव एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कार्यालयीन कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। नवागत एसडीएम के कार्यालय पहुंचने पर विभागीय कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ एवं गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत अवसर पर मयंक शर्मा, प्रमोद नेमा सहित एसडीएम कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पूजा सोनी के पदभार ग्रहण करने के साथ ही क्षेत्रवासियों को प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय एवं त्वरित निराकरण की उम्मीद है।

### 12 सितंबर को लगेगी नेशनल लोक अदालत कर और ऋण भुगतान पर मिलेगी राहत




**गोटेगांव, देशबन्धु।** आगामी 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत की तैयारियों और अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर सिविल कोर्ट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिका के विभिन्न करों, बैंक ऋण सहित सभी विभागों से संबंधित बकाया भुगतान के मामलों को लोक अदालत के माध्यम से निपटाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि लोक अदालत में नगरपालिका के करों का भुगतान करने वाले बकायादारों को अधिभार में नियमानुसार छूट का लाभ मिल सकता है। इसके अलावा बैंक ऋण एवं अन्य विभागों से संबंधित मामलों में भी संबंधित पक्ष आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। बैठक की अध्यक्षता सिविल कोर्ट मजिस्ट्रेट प्रियंवदा राजौरिया एवं साक्षी शुक्ला ने की। उन्होंने संबंधित विभागों को लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक लंबित मामलों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**करदाताओं और बकायादारों से अपील** - लोक अदालत को बकाया कर, ऋण एवं अन्य मामलों के निपटारे का सरल अवसर बताते हुए संबंधित लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

## भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव की मासिक बैठक में सेवा संकल्प अभियान को लेकर बनी विस्तृत कार्ययोजना

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जुन्नारदेव की मासिक बैठक एवं आगामी सेवा संकल्प अभियान को लेकर महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन श्री रामलीला मंच, जुन्नारदेव में किया गया। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी कमलेश उईके की उपस्थिति में संगठनात्मक विषयों तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से सेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यक्रमों के सफल आयोजन, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं बूथ स्तर पर आवश्यक तैयारियों को लेकर भी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।




बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी कमलेश उईके ने सेवा संकल्प अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को जनसेवा एवं जनभागीदारी से जोड़ते हुए प्रत्येक बूथ पर सक्रियता और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।

मंडल महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान की नगर मंडल संयोजक सपना पाल ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

**सेवा संकल्प अभियान के लिए कार्यक्रम टोली गठित**- अभियान के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव द्वारा कार्यक्रम टोली का गठन किया गया। अभियान की नगर मंडल संयोजक के रूप में मंडल महामंत्री श्रीमती सपना पाल को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम टोली में दतला सरपंच श्री विकास सरयाम, सभापति अमित यादव एवं मंडल मीडिया प्रभारी भूपेंद्र साहू को शामिल किया गया है। यह टोली अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर समन्वय तथा कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पीओपी नहीं, माटी से गढ़ेंगे गणेश प्रतिमा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस पर्यावरण संरक्षण और जलस्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय, श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने और उसके पर्यावरण अनुकूल विसर्जन की जानकारी दी गई।

कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो. विवेक जैन ने की, जबकि प्रशिक्षण मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड गोटेगांव के समन्वयक प्रतीक दुबे ने दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर प्रदेशभर में 4 से 14 सितंबर तक यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पीओपी से बनी प्रतिमाओं के कारण नदियों एवं अन्य जलस्त्रोतों में होने वाले



**घर पर प्रतिमा स्थापित कर विसर्जन के बाद मिट्टी में लगाएंगे पौधा**

प्रदूषण को रोकना तथा लोगों को मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है।

मुख्य अतिथि क्रीड़ा अधिकारी प्रो. कमल पटेल ने कहा कि गणेश प्रतिमा घर पर ही माटी से बनाकर स्थापित करें और विसर्जन भी घर पर करें। विसर्जित मिट्टी को गमले में डालकर उसमें पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश आगे बढ़ाया जा सकता है। इस दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने माटी गणेश स्थापित करने और पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने का संकल्प लिया। अध्यक्षता कर रहे प्रो. विवेक जैन ने कार्यशाला की सराहना करते हुए अभियान की सफलता की कामना की। मंच संचालन डॉ. आशीष ठाकुर ने किया। आभार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एसपी डेहरिया एवं अंकिता नामदेव ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रो. राहुल नेमा, प्रो. छत्रपाल पटेल, प्रो. भूपत सेन, प्रो. इंद्रजीत धनोरिया, प्रो. अंकित नामदेव, प्रो. अर्चना सोनी सहित कार्यालय स्टाफ के सुनील कहार, चंदन विश्वकर्मा, भूपेश सेन, आयुष तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती कलश रथ यात्रा का समापन आज

**सिवनी, देशबन्धु ।** संत शिरोमणी रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 10 सितंबर को कलश रथ यात्रा का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में 20 अगस्त से 10 सितंबर तक कलश रथ यात्रा का आयोजन किया गया। कलश रथ यात्रा का शुभारंभ 20 अगस्त को रविदास मंदिर, टैगोर वार्ड, सिवनी से किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट के अनुसार कलश रथ यात्रा ने जिले के विभिन्न विकासखंडों में भ्रमण करते हुए कुरई, बरघाट, केवलारी, धनौरा, घंसौर, लखनादौन एवं छपारा क्षेत्रों से होकर यात्रा पूरी की। कलश रथ यात्रा का समापन समारोह 10 सितंबर को विकासखंड लखनादौन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गणेशगंज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समापन समारोह के आयोजन के लिए विकासखंड अधिकारी, लखनादौन को प्रभारी नियुक्त किया गया है। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, सिवनी ने संत शिरोमणी रविदास समाज के अनुयायियों, जनप्रतिनिधियों एवं जिले के नागरिकों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## 'मां तुझे प्रणाम' योजना के लिए आवेदन 22 तक

**सिवनी, देशबन्धु ।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, भोपाल के निर्देशानुसार 'माँ तुझे प्रणाम' योजना अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों से युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य युवाओं को देश की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं, वहां की सैन्य गतिविधियों एवं जवानों की दिनचर्या से परिचित कराते हुए उनमें राष्ट्र की सीमाओं के प्रति सम्मान, देशभक्ति, समर्पण और नेतृत्व की भावना विकसित करना है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड से 10 युवाओं को शामिल किया जाएगा जिनमें 5 युवक, 5 युवतियों का चयन होगा। चयनित युवाओं को भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा अथवा प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक महत्व के स्थानों की अनुभव यात्रा कराई जाएगी।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 10 सितम्बर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अमावस्या , नक्षत्र-मघा**

मेष -आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी।

वृषभ -आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे।

मिथुन -नई योजनाएं शुरू करने के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी।

कर्क -आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है।

सिंह -भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

कन्या -शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। आकस्मिक धन खर्च होगा।

तुला -आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा।

वृश्चिक -आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी- व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा।

धनु -शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है।

मकर -खान-पान पर ध्यान नहीं रखने से आज तबीयत खराब होने की आशंका है। मरीज़ की चिकित्सा, प्रवास या व्यापारिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। भागीदारों के साथ मतभेद होगा।

कुंभ -भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल के साथ प्रेम और रोमांस आपके आज के दिन को अच्छा बनाएंगे। नए लोगों के साथ परिचय और मित्रता होगी।

मीन -घर में सुख- शांति और आनंद का वातावरण बने रहने से आप अपने दैनिक कामों को आत्मविश्वास से कर सकेंगे। आपको स्वाभाविक उग्रता और वाणी पर संयम रखने की जरुरत है।

0,5,6,8,00,58,67,88,84,01,14,12

## फाइनल मुकाबले में जियारत सिवनी बना विजेता



**इंडो क्लब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित**

**छपारा, देशबन्धु।** नगर में दो सितंबर से जारी इंडो क्लब छपारा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का गत दिवस फाइनल मुकाबला मंगलवार को इलेवन स्टार सिवनी और जियारत सिवनी के बीच खेला गया जिसमें 1-0 जियारत सिवनी ने जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की।

ज्ञात हो कि विगत दो सितंबर से छपारा नगर के सुभाष ग्राउंड तकिया वॉर्ड में जारी इस फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया, इस जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ खेलप्रेमियों की सहभागिता रही। वहीं उक्त आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं एकता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा फुटबॉल के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था।

इंडो क्लब छपारा ने क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ियों, सम्माननीय नागरिकों एवं खेलप्रेमियों से टूर्नामेंट में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार जताया।

वहीं प्रतियोगिता के आयोजकों ने कहा कि खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों को नगर में होते रहने चाहिए जिससे नई पीढ़ी को भी मैदानी खेल के प्रति आकर्षण हो, वहीं ऐसे टूर्नामेंट के माध्यम से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलता है।

इंडो क्लब छपारा ने सभी नगर सहित आसपास के सभी खेलप्रेमी जो टूर्नामेंट के दौरान उत्साह वर्धन हेतु आए सबका आभार जताया।

## धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**छपारा, देशबन्धु।** नगर के राजघराना पैलेस में मातृ शक्ति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सार्वजनिक रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय समाज की अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ विश्रांति ठाकुर, रंजना ठाकुर, नीलू ठाकुर एवं धनेश्वरी ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जन्माष्टमी उत्सव के दौरान राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, नौ देवियों की प्रस्तुति तथा भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का आकर्षक मंचन किया गया। प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन



मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

आयोजन को सफल बनाने में समिति की सदस्य अंजू सिंह, लता सिंह, अंजू सिंह,मौसम सिंह, सोनिका सिंह, प्रीती सिंह, सोनम सिंह, पूजा सिंह, नेहा सिंह, प्रीति सिंह,शिखा सिंह, पिंकी सिंह, दीपाली सिंह एवं प्रिया श्री सिंह सहित अन्य मातृ शक्तियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। सभी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

आयोजन के अंत में आयोजक समिति ने कार्यक्रम में शामिल सभी मातृ शक्तियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।